भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 297**
22 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना**

297. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई) हेतु वर्तमान नामांकन दर का राज्य-वार, विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में, ब्यौरा क्या है;
(ख) छोटे और सीमांत किसानों, विशेषकर सेवानिवृत्ति की आयु के निकट पहुँच चुके किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने और अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या हैं;
(ग) नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाने और किसानों के पात्र आयु पर पहुँचने के पश्चात् पेंशन का सुचारू संवितरण सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और
(घ) इस योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या का विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में राज्यवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): "प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएमकेएमवाई)" एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें 60 वर्ष की आयु होने पर न्यूनतम ₹ 3000/- मासिक सुनिश्चित पेंशन का प्रावधान है जो कुछ बहिष्करण मानदंडों के अध्यधीन है। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में, पीएमकेएमवाई के अंतर्गत 2304 किसान नामांकित हैं। इसके अतिरिक्त, योजना के अंतर्गत नामांकित किसानों का राज्यवार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

इस योजना के अंतर्गत नामांकन कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) के माध्यम से किया जाता है और योजना के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सीएससी द्वारा पीएमकेएमवाई योजना के लिए एक  पोर्टल निर्मित किया गया है। सरकार समय-समय पर इस योजना के अंतर्गत किसानों के नामांकन के लिए अभियान चलाती है। इसके अतिरिक्त, जागरूकता बढ़ाने तथा छोटे एवं सीमांत किसानों के मध्य अधिक से अधिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु योजना का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाता है।

(घ): इस योजना का आरंभ वित्तीय वर्ष 2019-20 में किया गया था और 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर पेंशन वितरित की जाती है।

अनुबंध

पीएमकेएमवाई योजना के अंतर्गत नामांकित किसानों का राज्यवार ब्यौरा (दिनांक **14/07/2025** तक)

| **राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र** | **कुल योग** |
|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 522 |
| आंध्र प्रदेश | 32,371 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2,378 |
| असम | 13,581 |
| बिहार | 3,45,434 |
| चंडीगढ़ | 530 |
| छत्तीसगढ़ | 2,02,833 |
| दिल्ली | 360 |
| गोवा | 151 |
| गुजरात | 66,563 |
| हरियाणा | 5,74,491 |
| हिमाचल प्रदेश | 3,571 |
| जम्मू-कश्मीर | 1,26,595 |
| झारखण्ड | 2,53,211 |
| कर्नाटक | 69,204 |
| केरल | 1,361 |
| लद्दाख | 115 |
| लक्षद्वीप | 72 |
| मध्य प्रदेश | 1,17,530 |
| महाराष्ट्र | 80,569 |
| मणिपुर | 590 |
| मेघालय | 747 |
| मिजोरम | 306 |
| नागालैंड | 1,185 |
| ओडिशा | 1,57,512 |
| पुडुचेरी | 148 |
| पंजाब | 13,049 |
| राजस्थान | 38,992 |
| सिक्किम | 37 |
| तमिल नाडु | 1,10,634 |
| तेलंगाना | 9,809 |
| दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव | 287 |
| त्रिपुरा | 847 |
| उत्तर प्रदेश | 2,52,209 |
| उत्तराखंड | 2,159 |
| पश्चिम बंगाल | 8,324 |
| कुल योग | **24,88,277** |

*****